Publication: Dainik Bhaskar	Page No: 03
Edition : Print	Date: 16th January 2025

दैनिक भास्कर

गुरूवार, 16 जनवरी 2025, नोएडा 03

जुबिलेंट भारतिया फाउंडेशन की पहलः सामाजिक बदलाव के लिए 15 स्टार्टअप का चयन

भास्कर समाचार सेवा

नई दिल्ली। जुबिलेंट भारतिया फाउंडेशन की अनोखी पहल भारत इम्पैक्ट ने सामाजिक प्रभाव वाले 15 स्टार्टअप्स का चयन किया है। इम्पैक्ट क्वेस्ट प्रोग्राम के तहत भारत के 11 राज्यों के विभिन्न क्षेत्रों से इन स्टार्टअप्स को चुना गया। इस पहल के तहत, 15 जनवरी से दिल्ली में एक दो दिवसीय बूट कैंप आयोजित किया जा रहा है, जिसमें इंडस्ट्री विशेषज्ञ इन स्टार्टअप्स को व्यावहारिक प्रशिक्षण और मार्गदर्शन देंगे। इसके बाद नौ महीनों तक शुरूआती इन्क्यूबेशन और एक्सीलरेटर प्रोग्राम आयोजित होंगे। भारत इम्पैक्ट का उद्देश्य भारत में सामाजिक उद्यमशीलता को बढ़ावा देना और समाज पर स्थायी सकारात्मक प्रभाव डालना है। जुबिलेंट भारतिया फाउंडेशन ने अपने प्रतिष्ठित सोशल आंत्रप्रेन्योरशिप ऑफ द ईयर एसईओवाई अवॉर्ड के 15 वर्षों के अनुभव का लाभ उठाते हुए यह पहल शुरू की है। श्वाब फाउंडेशन के साथ साझेदारी में, यह अवॉर्ड पूरे भारत में सूक्ष्म उद्योगों से जुड़कर सामाजिक उद्यमियों को पहचान और प्रोत्साहन देता है। साथ ही, 15 से अधिक कंपनियों की व्यावसायिक विशेषज्ञता का लाभ उठाकर सामाजिक बदलाव की दिशा में ठोस कदम उठाए गए हैं। इस अवसर पर बोलते हुए, हरि एस. भारतिया, फाउंडर और को-चेयरमैन, जुबिलेंट भारतिया समूह और डायरेक्टर, जुबिलेंट भारतिया फाउंडेशन ने कहा सोशल आंत्रप्रेन्योरशिप एक वैश्विक चलन बन गया है। भारत की बड़ी सामाजिक चुनौतियां और सहयोगी तंत्र इसे बढ़ावा देने के लिए एक अनुकूल वातावरण प्रदान करते हैं।